Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 17-03-2022 | अंक 170


Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

### दो बाइक में हुई सीधी टक्कर में एक घायल, रेफर



बरही थाना अंतर्गत दुलमहा निवासी दशरथ रविदास उम्र 49 वर्ष पिता देवधारी रविदास दो बाइक में हुई भीषण टक्कर में घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार दशरथ रविदास गोहमा डाबर से काम करके अपना घर वापस लौट रहा थे, इसी क्रम में दूसरी दिशा से आ रही बाइक ने इन्हे अपने चपेट में लिया। जिससे यह गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी मिलने पर आस पास के लोगो ने उन्हे बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया।




हिंदू धर्म में होली के त्योहार का विशेष महत्व है। होली के पर्व की शुरुआत होलिका दहन से होती है। होलिका दहन फाल्गुन मास की पूर्णिमा तिथि को मनाया जाता है। पुराणों में हो. लिका दहन और पूजा का विशेष महत्व बताया गया है। मान्यता है कि हो. लिका दहन के दिन होली पूजन करने से महालक्ष्मी प्रसन्न होती हैं। मां लक्ष्मी की कृपा से घर में सुख-समृद्धि और खुशहाली आती है।

# अपेम ने किया पारिवारिक होली मिलन समारोह का आयोजन, पत्रकार के साथ साथ प्रबद्धजन हुए शामिल

## भगवान केशरी, गोपाल पंडित एवं प्रो हिरामन साहू हुए अपेम संरक्षक टीम में शामिल

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



कार्यक्रम का उद्घाटन करते अतिथिगण

पत्रकार सह सामाजिक संगठन अपेम की ओर से तिलैया रोड बरही स्थित उत्सव वाटिका में पारिवारिक होली मिलन समारोह सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन बतौर अतिथि एसडीपीओ नाजीर अख्तर, चाणक्य आईएएस एकेडमी के वाइस प्रेसिडेंट विनय मिश्रा, जीएम रीमा मिश्रा,यूपी से पहुंचे डॉ सीएल केशरी, मीणा केशरी, डीएवी के प्राचार्य अशोक कुमार सिंह, डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी, डॉ संगीता चौधरी, समाजसेवी भगवान केशरी, जीप प्रतिनिधि मो कयूम, अपेम संरक्षक शिव शंकर लाल, कृष्णा यादव, अमित केशरी, अपेम महिला विंग के प्रियंका आनंद, उषा रानी, कृति चौरसिया सुषमा देवी, सुनैना देवी , संजू देवी, अपेम अध्यक्ष कृष्णा प्रजा. पति, सचिव दयानंद चौरसिया, कोषध्यक्ष सुनील कुमार, उपाध्यक्ष रेयाज खान, सुरेंद्र ठाकुर ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ गायक प्रवीण राठौर ने भक्ति गीत के साथ किया। मौके पर सभी अतिथियों को बुके एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। चाणक्या आईएएस एकेडमी के जीएम रीमा मिश्रा को प्रशंसा पत्र भेंटकर उन्हें सम्मानित किया गया। वही डॉ० सीएल केशरी, मीणा देवी, एसडीपीओ नाजीर अख्तर, सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो को मुख्य संरक्षक कपिल प्रसाद केशरी, चीफ एडवाइजर डॉ अनिल कुमार ने सॉल ओढ़कर सम्मानित किया।। उसके बाद रंगारंग कार्यक्रम का आगाज हुआ।रांची से आई सिंगर बबली एवं धनबाद से आई सिंगर राज लक्ष्मी ने होलियाना माहौल बनाकर सभी को थिरकने को मजबूर किया। वही राज आर्यन डांस एकेडमी एवं अपेम आर्ट एंड कल्चर ग्रुप्स के बच्चो तथा अपेम लाइव के सोनू पंडित एवं विकास कुमार ने भी नृत्य की प्रस्तुति देकर सभी का मन मोहा। मौके पर ही तीन प्रबुद्धजनों को अपेम संरक्षक टीम में शामिल किया गया। इनमे समाजसेवी भगवान केशरी, गोपाल पंडित एवं प्रो हिरामन साहू शामिल है। तीनो को अपेम की ओर से मनोनयन पत्र सौंपा गया। मौके पर सुनील कुमार, ईश्वर यादव, संतोष पांडेय, मौके पर सुनील कुमार, रियाज खान, सुरेंद्र ठाकुर, ईश्वर यादव, परमानंद पांडेय, सोनू पंडित, रितेश कुमार, अनुज कुमार, संतोष कुमार, अनिल बर्नवाल, पंकज कुमार, योगेंद्र कुमार, बीरेंद्र कुमार, धनंजय कुमार, विकाश कुमार, शाहबाज खान, मुकेश कुमार, धर्मेंद्र कुमार, अविनाश कुमार, बिकास कुमार, विकास विश्वास, गौतम कुमार, गोविंदा कुमार, जितेंद्र केशरी,विक्रम कुमार, सुजल कुमार, धर्मेंद्र कुमार, मोनू कुमार, शिला देवी, संदीप चंद्रवंशी, सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।









APEM LIVE

दिनांकः 17-03-2022

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर



## राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस पर तीन बेहतर कार्य करने वाली एएनएम को अस्पताल प्रबंधन ने किया सम्मानित

### एएनएम संजू प्रकाश सिंह, सुनीता देवी एवं विभा कुमारी को मिला सम्मान

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही अनुमंडलीय अस्पताल में एक सादे समारोह आयोजित कर राष्टीय टीकाकरण दिवस पर टीकाकरण के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाली तीन एएनएम को अस्पताल प्रबंधन की ओर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी एवं संचालन टीकाकरण प्रभारी विनय सिन्हा एवं बीपीएम नारायण राम ने किया। इस कार्यक्रम में बेहतर सेवा देने वाली एएनएम संजू प्रकाश सिंह उप स्वास्थ्य केंद्र बुंडू, विभा कुमारी उप स्वास्थ्य केंद्र जीतपुर एवं सुनीता कुमारी एएनएम उप स्वास्थ्य केंद्र तिलिर शामिल हैं। सभी को डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी, प्रमुख मंजू देवी, डॉ एजाज़, एचएमएस सदस्य कृष्णा प्रजापति एवं सुरेंद्र रजक ने प्रत्येक को एक एक दीवाल घडी देकर सम्मानित किया गया। डीएस डॉ ज्ञानी ने बताया कि तीनों एएनएम को प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा। इस अवसर पर डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी ने कहा कि वैसे तो सभी एएनएम अपने अपने क्षेत्र में बेहतर काम कर रहे हैं। लेकिन चयनित तीनो एएनएम रिकॉर्ड के अनुसार बेहतर काम किया है। इसलिए तीनो बधाई का पात्र है। एच एम सदस्य कृष्णा प्रजापति एवं सुरेंद्र रजक ने भी तीनो की उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए अन्य सभी एएनएम को बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित किए। मौके पर पंकज कुमार आज़ाद, विनय सिन्हा, बिनोद विश्वकर्मा, बिजेंद्र कुमार, नरेश कुमार, मो उस्मान, बिष्णु महतो सहित एएनएम मौजूद थे।



एएनएम सुनीता कुमारी को सम्मानित करते डीएस , प्रमुख एवं अन्य

## डॉ बीआर अंबेडकर पब्लिक स्कूल मलकोको में होली मिलन समारोह सह विदाई समारोह का आयोजन



दशम के विद्यार्थियों को विदाई देते स्कूल प्रबंधन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

डॉ0 भीम राव अम्बेडकर पब्लिक स्कूल मलकोको में होली मिलन समारोह सह वर्ग दसम का विदाई समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सभी शिक्षकगण एवं बच्चों ने भाग लिया। सभी एक-दूसरे को गुलाल लगाए और गले मिलकर होली उत्सव मनाए। वर्ग दसम के बच्चों को घर पर रहकर मेहनत करने को बताया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य गुलाब कु0 दास ने कहा कि होली पर्व एक खुशी का त्योहार है जिसमे सभी लोग बीते किसी भी प्रकार के शि. कवा-शिकायत,दुश्मनी को भूलकर लोग गुलाल लगाते हैं और फिर से मित्रता स्थापित करते हैं। आप सभी को होली पर्व की हार्दिक बधाई व शुभक. ामनाएं। विदाई समारोह में बच्चों ने अपनी-अपनी विचार रखे और स्कूल के साथ बिताए पलों को याद किया और वादा किया कि हम जहां भी रहेंगे विद्यालय के साथ साथ अपने परिवार जनों के नाम रौशन करेंगे। बच्चों के द्वारा गीत-संगीत प्रस्तुत किया गया। विद्यायल के शिक्षकों ने भी गीत-संगीत, गजल के माध्यम से बच्चों को ऊर्जावान किया। मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य गुलाब कु0दास, निदेशक दिनेश यादव, उप प्रधानाध्यपक सूरज दास, शंकर दास, प्रवीण कुमार,रोहित कुमार यादव,सकलदेव कुमार,शिव कुमार यादव,फरजाना खातून सहित सभी बच्चे शामिल हुए।

## शांति वा सौहार्द कायम रखने को लेकर बरही प्रशासन ने निकाला फ्लैग मार्च



**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही में शांति वा सौहार्द बनाए रखने को लेकर गुरुवार शाम को बरही प्रशासन ने फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च में बरही एसडीओ पूनम कुजूर, एसडीपीओ नाजिर अख्तर, बरही थाना प्रभारी नीरज कुमार सिंह शामिल रहे। फ्लैग मार्च बरही थाना से होते हुए चारो रोड में निकला गया। वहीं बरही एसडीओ पूनम कुजूर ने कहा की बरही में शांति बहाल कायम रखने के लिए फ्लैग मार्च निकाला गया है साथ ही उन्होंने बरही वासियों से अपील किया की राज्य सरकार के द्वारा जारी किए गए दिशानिर्देश का पालन करते हुए होली एवं शब - ए - बारात मनाए। बरही एसडीपीओ नाजिर अख्तर ने कहा की अवैध रूप से बेचे जाने वाले शराब पर पूर्ण रूप से पाबंदी रहेगा। अगर कोई व्यक्ति अवैध तरीके से शराब बेचते पकड़ा जाता है तो उसपर बरही प्रशासन सख्ती से कार्रवाई करेगी। साथ ही साथ उन्होंने बरहीवासियों को होली एवं शब-ए - बारात की अग्रिम बधाई दी है। मौके पर बरही थाना प्रभारी नीरज कुमार सिंह, एसआई घनश्याम कुमार, एस आई सौरव आहूजा, एस आई दिनेश कुमार, ए एस आई सुनील तिवारी एवं बरही थाना के सैकड़ों सिपाही मौजूद थे।

## लक्ष्य निर्धारण के साथ आगे बढ़ने वालों को मिलती हैं मंजिल : शिव कुमार

### वेक्टर क्लासेस में होली मिलन सह विदाई समारोह का आयोजन




होली मनाते वेक्टर क्लासेस के विद्यांगण

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

हजारीबाग रोड में स्थित वेक्टर क्लासेस में 12वीं कक्षा के छात्रों को विदाई के साथ होली मिलन समारोह किया गया। सभी छात्रों ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर और मिठाई खिलाकर होली की विशेष बधाई दी। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अथिति के रूप में प्लस टू हाई स्कूल प्रधानाध्यापक शिवकुमार उपस्थित रहें। कार्यक्रम का अध्यक्षता संस्थान निदेशक दीपक कुमार गुप्ता ने किया । संचालन संस्थान के शिक्षक राजेश कुमार ने सभी छात्रों को शुभकामना देते हुए बताया कि वेक्टर का मतलब ही होता है मेहनत के साथ ही दिशा दिखाना जो हम सभी इस संस्थान के माध्यम से पूरा कर रहे है और ईमानदारी पूर्वक छात्रों के बीच शिक्षा का प्रदान कर रहे हैं । इस मौके पर छात्र नंदनी केशरी, सन्ना नूरी,ईशा ठाकुर, रोहित कुमार, तबा. सुम प्रवीण,पियूष कुमार ने बारी बारी से संस्थान शिक्षा ज्ञान और उपलब्धियों को गिनाते हुए संस्थान के निदेशक सहित शिक्षको को धन्यवाद ज्ञापन दिया। मुख्य अतिथि शिव कुमार व सभी शिक्षकों के द्वारा 12वीं की सभी छात्रों को पेन देकर सम्मानित किया गया ।इस मौके पर शिव कुमार ने छात्रों को संबोधन करते हुए कहा कि जीवन में सफल होने के लिए बहुत सी चीजों पर त्याग करना के साथ कड़ी मेहनत करना पड़ेगा तभी आप जीवन में सफल व्यक्ति बनकर देश की सेवा में तत्पर रहेंगे ।निदेशक दीपक कुमार गुप्ता ने अपने छात्रों को उज्ज्वल भविष्य और होली की शुभकमाना देते हुए कहा कि आज का दिन खुशी और गम दोनो हैं। एक ओर खुशियों का त्योहार होली मिलन का खुशी है तो दूसरी ओर हमारे छात्रों की विदाई है। सभी बच्चो को कलम से अपनी तकदीर बदलने की अपील करते हुए मानव पूंजी के बारे में बताते हुए कहा कि खुद के जीवन में ऐसी उच्च शिक्षा ग्रहण करके ड०क्टर, इंजीनियर, डिफेंस, सैनिक, शिक्षक, ऑफिसर बनकर बड़े पदों पर अपनी सेवा दें। जिससे समाज और देश को आप सभी पर गर्व हो। शिक्षक अधीर मंडल , दामोदर राणा, पिंटू कुमार एवं छात्र प्रियंका कुमारी, रुपा कुमारी, नेहा राणा, पूजा कुमारी, मनीषा कुमारी, खुशबू कुमारी, राहुल कुमार, शिवम कुमार, साकिब अंसारी, सालमन , आजाद अंसारी, बबली कुमारी, ज्योति कुमारी, रिंकी कुमारी, अनीशा , दिव्या, प्रतिमा, आकांक्षा कुमारी, रिमझिम , निशु, मनीषा कुमारी,बिपिन कुमार, अंजली कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, काजल कुमारी, अवधेश कुमार, रोहित , शशांग केशरी, नीरज ठाकुर, अमित पंडित, सुलेखा कुमारी, पायल कुमारी व सभी छात्र उप. स्थिति रहें।

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार    सहयोगीः सोनू पंडित    एडिटरः सोनू पंडित    मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

# RAINBOW SCHOOL BARHI

RAINBOW SCHOOL BARHI
UID NO. 20040117202

Shivpur (Gadlahi), Barhi, Hazaribag

Contact Number- 8210966457,8863095445

(A Better Educated Generation, A Better Future For Our Nation)


## ADMISSION OPEN NOW




Built a Bright Future for Your Child. Give Your Child Education of Heart & Soul

## SALIENT FEATURES

- C.B.S.E. Pattern based Education (Upto X[th] Class)
- Eco Friendly Environment
- Admission through Entrance Exam
- Highly Experienced & Qualified Teachers and Staff
- Beautifully Aesthetically Designed Campus
- Stress Free & Pollution Free Environment
- Smart Classes, Computer Lab
- Project Based learning Music and Dance room
- Indoor & Outdoor Games and Sports Facilities
- Counselling Programs For Students & Parents
- Preparation & Remedial classes for Extra Support
- Whole Campus under CCTV Surveillance
- Transport Facility available
- School offers scholarship to meritious students
- R.O. Purified water facility
- Well Stocked Library
- Separate Common room (Toilet) Facilities for Boys & Girls
- Sufficient & Airy Classrooms
- Remedial Classes for Co-Curricular Activities
- Well Organised Programs on 26[th] Jan & 15[th] Aug.
- Celebration of "Saraswati Puja" with great Enthusiam
- Regular Organised Exams Periodically
- Facilated with Medical Kit, Sports Goods & P.T. Drum









इस प्रकार की शिक्षा प्रणाली का विकास करना हैं, जिसके द्वारा ऐसी युवा पीढ़ी का निर्माण हो सके जो राष्ट्रभक्ति से ओत–प्रोत हो, शारीरिक, प्राणिक, मानसिक, बौद्धिक दृष्टि से पूर्ण विकसित हो तथा जो जीवन की चुनौतियों का सामना सफलतापूर्वक कर सके, उसका जीवन अन्य लोगों को शोषण एवं अन्याय से मुक्त कराकर राष्ट्र जीवन को समरस, सुसंपन्न एवं सुसंस्कृत बनाने के लिए समर्पित हो।

——— डायरेक्टर (सिकंदर प्र० कुशवाहा) की कलम से





# PHYSICAL ACADEMY BARHI

- Boys & Girl
- Indian Army
- T.A. Army
- S.S.C, G.d.
- indian Navy
- Indian Air Force
- झारखण्ड पुलिस






फिजिकल और रिटेन दोनो की तैयारी करवाई जाती है।

नोट – हमारे यहाँ हॉस्टल की भी सुविधा है। हमारे यहाँ डे–नाईट क्लास चलती है।

Teacher : Bikash Kumar (B.A.) Sudhir Kumar (B.TA)

Contact No.- 7979908106, 9128479677, 8083536881

Trainer : Bikash Kumar, Suraj Kumar (Army Excellent)

Training Place : कोबरा गेट के सामने (उज्जैना मैदान)

Office : नहर, तिलैया रोड, बरही, हजारीबाग



वादा नहीं विकास करेंगे... जन-जन का सम्मान करेंगे...

बरही पश्चिमी से

पंचायत समिति प्रत्याशी पद हेतु

युवा, कर्मठ, जुझारू एवं ईमानदार

उम्मीदवार

## कपिल प्रसाद केशरी

को अपना बहुमूल्य मतदान देकर भारी मतों से विजयी बनाएं...!

सोच हमारी विकास आपका



कपिल प्रसाद केशरी भावी पंचायत समिति प्रत्याशी, बरही पश्चिमी



जोश है, होश है, संकल्पों से यारी है



विकास, समृद्धि और खुशहाली की बारी है

## कुंती देवी

भावी जिला परिषद प्रत्याशी बरही पश्चिमी भाग (4)

तापेश्वर प्रसाद
सामाजिक कार्यकर्ता

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## जेके एग्रीजेनेटिक्स लिद्व कंपनी के ने करवाया होली मिलन समारोह का आयोजन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

होली के शुभ अवसर पर विजैय पंचायत के +2 हाई स्कूल ग्राउंड के चबूतरा पर जेके एग्रीजेनेटिक्स लि॰ कंपनी की ओर से होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस आयोजन में मुख्य अतिथि जिला परिषद प्रतिनिधि मो0कैयूम ने सभी क्षेत्र वासियों को होली की सुभ कामनाएं दिए साथ ही साथ कहा कि होली आस्त्य पर सत्य ,बुराई पर अच्छाई को जीत को याद दिलाता है। मौके पर जिला परिषद प्रतिनिधि क्यूम अंसारी, मुखिया दशरथ यादव, पंचायत समिति प्रति. निधि देवलाल कुशवाहा,रघु मोदी, देवलाल यादव,चन्द्रिका प्रसाद, महेश दास, रंजीत प्रसाद सहदेव शर्मा,बैजनाथ यादव, सुरेश कुशवाहा, राजेन्द्र प्रसाद यादव, दशरथ महतो, सुनिल कुमार, नारायण दास, कमल राणा आदि कई किसान उपस्थित थे।



होली मिलन समारोह में शामिल जन प्रतिनिधि एवं अन्य

## होली व शब-ए-बारात को लेकर बरही थाना में हुई शांति समिति की बैठक, विधायक हुए शामिल



**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही थाना परिसर में बुधवार को होली व शब-ए-बारात को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता बरही एसडीओ पूनम कुजूर व संचालन पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी नीरज कुमार सिंह ने किया। बैठक में मुख्य रूप से बरही विधायक उमाशंकर अकेला, बरही एसडीपीओ नाजिर अख्तर, बरही अंचलाधिक. ारी सह बीडीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो उपस्थित रहे। बैठक में हिन्दू मुस्लिम दोनों समुदाय के लोग सामान्य रूप से शामिल रहे। बैठक में सभी वक्ताओं ने कहा कि विभिन्न कारणों से जो इस बार बरही का माहौल खराब हुआ है, कई प्रकार की घटनाएं घटी। उसे कड़वी यादें समझ भूलकर पुनः हिन्दू मुस्लिम भाईचारगी का संदेश देने वाला बरही बनाये। होली एवं शब-ए-बारात सहित अन्य त्योहारों को हर्षोल्लास के साथ शांति पूर्ण रूप से मनाए। प्रशासनिक पदाधिकारियों ने कहा कि होली के दिन कोई भी शराब का सेवन या बेचते हुए पकड़ा गया तो वैसे लोगों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। होली के दिन प्रशासन द्वारा शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए पूर्ण व्यवस्था कर ली गई है। शांति समिति की बैठक के समाप्त होते ही रंग गुलाल के साथ होली मिलन समारोह मनाया गया। जिसमें सभी लोगों ने एक दूसरे को रंग और गुलाल लगाया। मौके पर विधायक उमाशंकर अकेला, एसडीओ पूनम कुजूर, एसडीपीओ नाजिर अख्तर, विधायक प्रति. निधि बिनोद यादव, सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो, पुनि सह थाना प्रभारी नीरज कुमार सिंह, सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव, बीएसए संरक्षक अब्दुल मनान वारसी, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष डॉ निजामुद्दीन अंसारी, सद्भावना विकास मंच अध्यक्ष राजसिंह चौहान, कृष्ण कुमार मेहता, रितेश गुप्ता, भगवान केशरी, प्रधान दसरथ यादव, विष्णुधारी महतो, टेकलाल यादव, सुनील चंद्रवंशी, संदीप केशरी, रंजीत पांडेय, मो तस्लीम, रंजीत निषाद, बीरेंद्र यादव, युवा नेता मनोहर यादव, मो असलम, मो तौकीर रजा, रिजवान अली, अर्जुन यादव, रामकुमार दास, ज्योतिष यादव सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## फिजिकल एकेडमी बरही में होली मिलन समारोह का आयोजन, लाल गुलाल लगाकर एक दूसरे को दी बधाई



होली मनाते फिजिकल एकेडमी के बच्चे

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

फिजिकल एकेडमी बरही की ओर से होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बरही विधान सभा के युवा नेता कृष्णा यादव, और राष्ट्रीय यादव सेना के महामंत्री संजय यादव ने दी फिजिकल एकादमी के संचालकों एवं विद्यर्थियो को होली की शुभकामनाएं। कृष्णा यादव ने कग की होली हमे असत्य पर सत्य की जीत को याद दिलाता है। होली मिलन समारोह में सूरज यादव ,धीरन दास ,पवन दास ,धीरेन्द्र यादव रो. हित ,रविकांत बंटी, राकेश ,मुकेश, विशाल ,संकर अमित ,प्रदीप ,पंकज ,संतोष, पूजा , कुमारी ,प्रियांशु पूनम ,मनीषा निशा ,रुबी ,रौशनी, सुजीता, बबली ,रानी ,श्वाति ,कोमल ,संध्या, खुसबू, प्रियंका,प्रीति ,शिवानी, रुबी,गोरी ममता ,किरण, रजिता आदि मौजूद थे।

## पतंजलि की और से होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड परिसर में स्थित अब्दुल कलाम पार्क में गुरुवार दोपहर को पतंजलि से जुड़े सदस्यों ने होली मिलन समारोह का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का संचालन सोशल मीडिया जिला प्रभारी अनिल कुमार ने किया। वही योगाचार्य अनिल कुमार मिश्रा से होने वाले फायदे को बताया साथ ही उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए कहा की बुराइयों को त्यागकर अच्छाइयों को अपनाना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में सभी लोगो ने एक दुसरे को अबीर गुलाल लगाकर एक दूसरे को होली की बधाई दी। साथ ही सभी ने संकल्प लिया की मैं स्वयं योग करूंगा और दूसरे लोगो को भी स्वास्थ्य रहने के लिए योग करवाऊंगा। मौके पर भारत स्वाभिमान प्रखंड प्रभारी नरेश यादव, योग विस्तारक इंद्रदेव गुप्ता, योग प्रचारक शिव कुमार पांडेय, आशीष केशरी, बलराम कुमार, यमुना प्रसाद यादव, डॉक्टर बिनोद साहू, सुनील रजक, अभय सिंह, छोटू निषाद एवं सैकड़ों लोग मौजूद थे।



सच का साथी


# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## होली मिलन समारोह में जमकर उड़े अबीर गुलाल

### होली सद्भाव का प्रतीक है – अमित कुमार यादव

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**



बरकट्ठा दिव्य कल्याण आश्रम परिसर में होली पर्व के अवसर पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया समारोह की अध्यक्षता बरकट्ठा मंडल अध्यक्ष टुकलाल नायक व बेडोकला भाजपा मंडल अध्यक्ष भोला प्रसाद ने संयुक्त रूप से किया मुख्य अतिथि विधायक अमित कुमार यादव ने सभी को होली की शुभकामनाएं दी व कहा होली का पर्व हम सभी भारतीयों के सुख शांति सद्भाव व समृद्धि का प्रतीक है हिन्दू पंचाग के अनुसार होली से ही नववर्ष का आगमन होता है पिछले दो वर्षो से कोरोना के कारण पूरा देश परेशान व बेहाल हो गया आर्थिक रूप से लोग पिछड़ गए ऐसे में त्योहार ही है जो लोगो को खुशी का माहौल प्रदान करता है उन्होंने कहा आपने अंदर की बुराइयों का हो. लिका दहन में जलाकर सर्वे भवन्तु सुखिनः के मूलमंत्र में काम करना है क्षेत्र के विकास के लिए आनेवाले वर्ष का हम स्वागत करते है मौके पर सभी एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर बधाइयां दी गरमागरम मालपूवा व पकौड़ी का भरपूर आनंद उठाया गया साथ ही बरकट्ठा बेलकपी के प्रसिद्ध लोक भजन गायक अशोक राणा जी व अर्जुन व्यास के टीम के द्वारा आकर्षक होली व भजनों की सुंदर प्रस्तुति दी गयी ।मौके पर मुख्य रूप से बीडीओ कीर्तिबाला लकड़ा, सीओ श्रीकांतलाल मांझी, जीप सदस्य कुमकुम देवी, मो कलीम खां, मंडल अध्यक्ष भोला प्रसाद, टुकलाल नायक, बीरेंद्र मेहता, बिंदु सोनी रीतलाल प्रसाद,दुर्गानन्द झा छोटेलाल मेहता,गौतम नारायण सिंह, सुधीर सिंह, अशोक वर्णवाल, दर्शन सोनी, सुबोध चौधरी, दिनेश सिंह, राजकुमार यादव, रवि गोस्वामी, रीतलाल प्रसाद, अशोक रविदास, रतन गुप्ता, लो. कनाथ राणा अशोक गुप्ता,उमेंश यादव, सुनील गुप्ता, त्रिवेणी यादव, सि. च्चदानंद प्रसाद, श्यामसुंदर यादव, इंद्रदेव यादव, जीबन यादव, राजेश मंडल, गोलू मोदी, सुमन गुप्ता, अंकित गुप्ता समेत बड़ी संख्या में समर्थक उपस्थित थे ।

## भंडारों में पंचायत स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ आयोजन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



भंडारों पंचायत में होली के शुभ अवसर पर पंचायत स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि बरही मध्य के जिला परिषद उम्मीदवार संजय यादव एवं पंचायत भंडारों के लोकप्रिय युवा मुखिया सकलदेव यादव की उप. स्थिति में मैच का विधिवत शुभारंभ किया गया। मैच के दौरान पंचायत भंडारों के सभी 8 गांव के खिलाड़ी एवं कैप्टन उप. स्थित रहे एवं दर्शकों ने भी मैच का बहुत आनंद लिया। टूर्नामेंट का पहला मैच बेहराबाद बनाम तेतरिया भंडारों के बीच खेला गया। जिसमें बे. हराबाद की टीम 22 रन से विजय हुई । तेतरिया भंडारों की टीम ने टॉस जीतकर बेहराबाद टीम को बैटिंग करने के लिए आमंत्रित किया, जिसमें बे. हराबाद की टीम अपने निर्धारित ओवरों में 99 रन का विशाल स्कोर खड़ा कर दिया। वही लक्ष्य का पीछा करने उतरी तेतरिया भंडारों की टीम 76 रन पर ही सिमट गई। बे. हराबाद टीम के कैलाश कुमार को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। इस मौके पर जिला परिषद उम्मीदवार संजय यादव ने कहा की भविष्य में इस मैच का आयोजन बहुत बड़े पैमाने पर किया जाएगा खेल इंफ्रास्ट्रक्चर को दुरुस्त करने के लिए सभी गांव के खिलाड़ियों को जर्सी एवं कीट उपल. ब्ध कराया । मौके पर उपस्थित रमेश यादव कैलाश यादव, रामू यादव, लक्ष्मण यादव, पिंटू सिंह, दिनेश यादव, पवन यादव, राजेंद्र यादव, रामप्रवेश यादव, मंटू यादव, अंकित यादव, पंकज राणा, ब्रह्मदेव यादव, करण राणा एवं सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## फीकी रहेगी सीआरपी की होली, दो माह से नही मिला मानदेय

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**



बीआरपी सीआरपी संघ प्रखण्ड अध्यक्ष

बरकट्ठा : प्रखण्ड के विभिन्न संकुलों में कार्यरत संकुल साधन सेवियों की होली इस बार फीकी रहेगी ।इन्हें पिछले दो माह से मानदेय नही मिला है।मानदेय नही मिलने से संकुल साधनसेवियों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है।यह बात सीआरपी/बीआरपी प्रखण्ड अध्यक्ष रामकृष्ण पांडेय ने कही ।उन्होंने कहा कि एक दिन बाद होली है और अब तक जनवरी व फरवरी का मानदेय नही मिला है ।मामूली मानदेय पर काम करने वाले तथा झारखंड में शिक्षा का अलख जगाने वाले शिक्षाविद संकुल साधन सेवी महंगाई के इस दौर में परिवार का बोझ कैसे उठाते होंगे,सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है ।मानदेय के लिए परेशान संकुल साधनसेवियों को पूरी उम्मीद थी कि होली के पूर्व मानदेय भुगतान हो जाएगा लेकिन प्रदेश परियोजना कर्मियों व अधिकारियों की लापरवाही और उदासीनता के कारण होली एवं शबे ए बारात जैसे पर्व में मानदेय नही मिला । जिससे इनमें मायुशी व्याप्त है ।ग़ौरतलब है कि होली जैसे पर्व में मानदेय नही मिलने से प्रखण्ड साधन सेवी व संकुल साधनसेवियों ने नाराज़गी जतायी है बीआरपी सीआरपी महासंघ ने मानदेय के लिए गुहार लगायी है।

## एसबीआई एटीएम से 26 लाख की लूट, सीसीटीवी में दर्ज हुवा मामला, जांच में जुटी पुलिस

### चार नकाबपोश चोरों ने 45 मिनट तक दिया घटना को अंजाम

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**




चौपारण एसीबीआई सिंघरावां शाखा में लगे एटीएम तोड़ 26 लाख लूट मामले ने क्षेत्र में सनसनी फैला दिया वही पुलिस महकमे में चोरी की बड़ी घटना को लेकर हड़कम मच गया। घटना की सूचना पाकर स्थल पहुँचे बरही डीएसपी नाजीर अख्तर, सर्किल इंस्पेक्टर रोहित सिंह व थाना प्रभारी स्वपन कुमार महतो ने जाँच पड़ताल शुरू किया। शुरुवाती जाँच में पाया गया कि चोरों ने गैस कटर से एटीएम का शटर काट अंदर प्रदेश किया व चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोरों ने बड़ी चालाकी से एटीएम के अंदर लगे सीसीटीवी कैमरा में स्प्रे का प्रयोग कर उसे बंद कर दिया। हालांकि बैंक के छत पर लगे सीसीटीवी फुटेज में चोरी की घटना कैद हो गया। बरही डीएसपी ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के अनुसार सफेद रंग में स्कार्पियो में सवार होकर सुबह 3 रू10 में आते है और 3रू55 तक एटीएम में घुसकर बड़े आसानी से घटना को अंजाम देकर राशि लुकर आराम से बिहार की ओर रवाना हो जाता है। चार की संख्या में पहुँचे लुटेरों ने मुंह पर नकाब पहनकर घटना को अंजाम दीया। घटना स्थल पहुँची पुलिस टीम ने लगभग चार घण्टे तक किया जांच पड़ ताल।

**26 लाख की हुई लूट रु डीएसपी**

घटना के सम्बंध में डीएसपी नाजिर अख्तर ने एटीएम से 26 लाख की चोरी होने की पुष्टि की। डीएसपी ने बताया कि छानबीन जारी है जल्द ही लुटेरे पुलीस के फंदे में होंगे।

**पहले भी उक्त एटीएम में हो चुकी है लूट**

जानकारी के अनुसार 2011-12 में भी उक्त एटीएम से 20 लाख रुपए से अधिक की लूट हुई थी। साथ ही कई बार ग्राहकों को भी निशाना बनाया गया। स्टेट बैंक अ०फ इंडिया की तरफ से एटीएम सुरक्षा के लिए कभी भी सार्थक प्रयास नहीं किया गया है । जिसका खामियाजा बैंक प्रबंधन को लाखों रुपए की लूट के साथ सामने आ रहा है।



**घटना से होली में बढ़ सकती है लोगों को परेशानीया**

होली व शो व बारात जैसे त्योहारो के कारण दो दिनों तक बैंक बन्द है ऐसे में होली के समय मे सिंघरावा का एटीएम ग्राहकों का एक सहारा था। पर एटीएम में चोरी होने से होली में लोगों को पैसे निकालने में परेशानियां का सामना करना पड़ सकता है। लोगों पैसे निकालने ने दस – बीस किलोमीटर दूर बरही जाना पड़ सकता है।

9122222016

बिरेन्द्र कुमार

महालक्ष्मी फर्नीचर

जो सजाए आपके सपनों का घर...

डबल बेड, सिंगल बेड, दीवान, सोफा, कुर्सी, ड्रेसिंग, डाइनिंग टेबल इत्यादि।

सस्ता एवं फैन्सी फर्नीचर का बेहतरीन कलेक्शन




ATM

ग्राहक सेवा केन्द्र

स्टूडियो एवं फोटोकॉपी

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार | सहयोगीः सोनू पंडित | एडिटरः सोनू पंडित | मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## आपदा मित्रों ने बिरहोर बच्चों संग मनाई होली मिलन समारोह



आदिम जनजाति संग होली मनाते आपदा मित्र

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**

चौपारण : रंगो के त्योहार होली पर आपदा मित्रों ने समाज के सबसे पिछड़े पंक्ति में शुमार आदिम जनजाति बिरहोर बच्चों व भोक्ता परिवारों के साथ खुशियां मनाई। इस दौरान बच्चों के बीच रंग, अबीर, पिचकारी, मालपुआ, मिठाई तथा चिप्स बांटे गए। आपदा मित्रों संग बरही सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो ने बच्चों संग खुशियां बंटोरी। इस दौरान झारखंड सीमा के चोरदाहा, कठंबा में बिरहोर परिवारों तथा सेलहारा में भोक्ता टोला में सभी आपदा मित्र सेवा में जुटे रहे। पिचकारी वितरण शिक्षाविद डॉ ललन प्रसाद की स्मृति में की गई। वहीं वितरण में रोहित जैन, विनोद स्वर्णकार , दिलीप राणा, हेमराज साहू, अशोक केसरी, सीताराम बरनवाल, प्रभात सिंह, विनोद कुमार, विनोद कुमार सिंह, मनीष कुमार , रंजीत कुमार ,चंदन कुमार सहित बड़ी संख्या में आपदा मित्र भी शामिल थे।



बरही सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो

## संजीवनी अकादमी में होली मिलन समारोह का हुआ आयोजन

### शांति और सौहार्द के साथ होली मनाने की अपील




**अपेम लाइवः चन्दवारा**
**धीरज कुमार**

प्रखण्ड के बाँझेडीह फोरलेन नंदनगर रोड स्थित संजीवनी अकादमी में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय निदेशक सह प्राचार्य संजीव कुमार ने बच्चों को होली पर्व पर विस्तार पूर्वक जानकारियां देते हुए सभ्य और के. मिकल मुक्त होली खेलने की बात बताई। मौके पे बतौर मुख्य अतिथि सह विद्यालय अभिभावक पि. पराडीह मुखिया धीरज कुमार ने कहा की होली आपसी सौहार्द का प्रतिक है। उन्होंने बच्चों से होली शांतिपूर्ण तरीके से और सुरक्षित होली खेलने की अपील की। कार्यक्रम को चंदवारा पूर्वी के पूर्व मुखिया प्रत्याशी सह समाज सेवी संजय दास, समाजसेवी पप्पू बर्णवाल, उप प्राचार्य विजय पाण्डेय ने भी सम्बोधित किया और सभी को होली की शुभकामनायें दी। उपस्थित सभी अतिथियों व अभिभावकों को बच्चों ने गुलाल लगाकर आशीर्वाद लिया। वहीं सभी अतिथियों व अभिभावकों ने भी एक दूसरे को व बच्चों को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनायें दी। उसके उपरांत बच्चों ने लजीज व्यंजनो का लुफ्त उठाया। मौके पे उप –प्राचार्य विजय पाण्डेय, शिक्षक संजीव स्वर्णकार, शिक्षिका करिश्मा कुमारी, सुषमा रंजन, पिंकी सोनी, अमीषा, अभिभावक मुकेश सिंह, नन्दिनी देवी, ममता देवी, संतोष मोदी, कांति देवी, कौशल किशोर पाण्डेय, अनिल पाण्डेय, मनीष वर्णवाल, बिश्वास सिंह, विजय साव, भागवत मोदी समेत विद्यालय के समस्त छात्र व छात्रा उपस्थित थे।

## होली मिलन समारोह में विधायक आवास पर रंगारंग कार्यक्रम

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**

चौपारण : विधायक आवास चौपारण में होली मिलन समारोह में रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विधायक आवास के एंट्री गेट पर विधायक स्वयं आगन्तुको को होली की शुभकामना दे रहे थे। वहीं विधायक श्री अकेला आग. न्तुको को अबीर से सराबोर करते और उनके साथ फ़ोटो शूट करवाते नजर आए। इसके बाद फगुवा के गीतों पर विधायक के साथ कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने भी खूब झूमा। वहीं इस दौरान खान पान की भरपूर ब्यवस्था थी। होली के इस कार्यक्रम में एसडीओ पूनम कुजूर, डीएसपी नाजिर अख्तर, बीडीओ सह सीओ प्रेमचन्द सिन्हा भी लुफ्त उठाये। विधायक अकेला ने बरही विधानसभा वासियो से होली की शुभकामनाएं दी और सभी से शांति पूर्वक और मिलजुलकर होली मनाने की अपील की। कार्यक्रम को सफल बनाने में विधायक प्रतिनिधि रामफल सिंह, नंदकिशोर यादव व प्रह्लाद सिंह, संरक्षक राजेंद्र राणा, प्रखंड अध्यक्ष विकास यादव, मनोज यादव विधायक पुत्र रवि शंकर अकेला, मनोज सिंह, जानकी यादव, मन्नू भगत, बालकिशन यादव ,करुणा चंद्रवंशी ,बीरबल साहू ,महेंद्र साहू, विकास गुप्ता,रेवाली पासवान, संजय यादव ,सुखदेव यादव,विनोद यादव, लव सिंह ,सोनू दास, नकुल यादव ,ब्रह्मदेव यादव, जितेंद्र यादव, बरही विधायक प्रतिनिधि विनोद यादव, मनान वारसी, पदमा के अवध ,संजय यादव, विजय रविदास ,चंदवारा प्रतिनिधि राजकुमार यादव ,अज्जू सिंह सहित अन्य का योगदान रहा।











सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## शांति एवं सौहार्द बिगाड़ने वालों पर होगी शख्त कार्यवायी : थानेदार गावां

### शब – ए – बारात एवं होली पर्व को लेकर गावां पुलिस के द्वारा निकाला गया फ्लैग मार्च

**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**



शब – ए – बारात एवं होली पर्व के मद्देनजर गावां पुलिस प्रशासन ने बुधवार को प्रखण्ड के कई पंचायतों में फ्लैग मार्च निकालकर त्योहार को शांति एवं सौ. हार्दपूर्ण तरीके मनाने की अपील की। इस दौरान विभिन्न चौक चौराहों पर रुक कर लोगो को निर्देश दिए कि पर्व के दौरान कोई भी ऐसा काम न करे जिससे सामाजिक सौहार्द बिगड़ने की संभावना हो। साथ ही डीजे और शराब पर पाबंदी रहने की बात भी कही गयी। बताया कि होली खुशियों का त्योहार है इसे सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाएं और इस दौरान धार्मिक आस्था एवं धार्मिक स्थलों का भी ख्याल रखा जाए।कहा कि अगर कोई व्यक्ति हुड़दंगई करने का प्रयास करता है या अफवाह फैलाने का काम करता है तो ऐसे असामा. जिक तत्वों पर विशेष नजर रखा जाएगा और पकड़े जाने पर शख्त कार्यवाई की जाएगी।

## होली एवं शब – ए – बारात पर्व को लेकर पिहरा में शांति समिति की बैठक आयोजित

**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**



गावां प्रखण्ड के पिहरा पूर्वी पंचायत में बुधवार को होली एवं शब – ए – बारात पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक ग्राम प्रधान मो0 सबदर अली की अध्यक्षता में की गई। बैठक में सरकार के दिशा निर्देशों का पालन करते हुए शांति एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से पर्व मनाने का निर्णय लिया गया। तिथियों को ध्यान में रखते हुए सर्वसम्मति से पिहरा में शनिवार और रविवार को होली खेलने का निर्णय लिया गया। साथ ही पर्व के दौरान असामा. जिक तत्वों पर विशेष नजर रखने का निर्णय भी लिया गया है। होली के अवसर पर निकलने वाले जुलूस में विधि व्यवस्था बनाये रखने के लिए पंद्रह सदस्य टीम का गठन किया गया जो जुलूस के दौरान सारी गति. विधियों पर ध्यान रखेंगे। एक दूसरे की धार्मिक आस्था और धार्मिक स्थलों का ख्याल रखते हुए जुलूस एवं पर्व का समापन किये जाने का निर्णय लिया गया। मौके पर मा0 आलिम अंसारी, सौदागर साव, अयोध्या प्रसाद यादव, मनोज गुप्ता, मो0 मोफिज, राजकुमार सिंह, गुलाम सरवर, मेहन्द्र चौधरी, मुनीब साह, नागेश्वर साव, गिरजा मिस्त्री, सागर साव, नागेश्वर दास मो0 छोटू आदि दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## गावां में माले पार्टी कार्यालय का हुआ उद्घाटन, कार्यकर्ताओं ने मनाया होली मिलन समारोह

**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**



गांवा थाना क्षेत्र के पोस्ट ऑफिस मोड़ के पास बढ़वार को भाकपा माले प्रखंड कार्यालय का शुभा. रंभ किया गया। कार्यालय का शुभारंभ धनवार के पूर्व विधायक राजकुमार यादव समेत माले कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से पूजा अर्चना कर एवं फीता काटकर किया। कार्यालय के उद्घाटन के बाद श्री यादव ने बताया कि हम लोग आज कार्यालय का उद्घाटन कर रहे हैं। साथ ही आज हम लोग कार्यकर्ताओं के साथ होली मिलन समारोह का आयोजन भी कर रहे हैं। आयोजन में सभी कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों के लिए पकवान भी बनाया गया है। बाद में सभी कार्यकर्ता होली के गीतों पर झूमते हुए एक दूसरे को रंग अबीर लगाकर होली मिलन समारोह मनाया एवं कलाकारों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। मौके पर श्री यादव ने सभी धनवार विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों से अपील की है कि सभी लोग होली का पर्व आपस में मेल मिलाप के साथ मनाएं और अगर किसी प्रकार का कोई असामाजिक तत्व समाज में सामाजिकता फैलाएं तो उसे रोकने का प्रयास करें। मौके पर नागेश्वर यादव, अकलेश यादव, पवन चौधरी, सुरेश चौधरी, आनंदी यादव, सकलदेव यादव, आदि सैकड़ों माले कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बीजेपी नेता सुरेश साव ने अपने आवास पर आयोजित किया होली मिलन समारोह

**अपेम लाइव : गीरिडीह**
**बजरंगी महतो**




आज दिनांक 16.03.2022 को भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य आदरणीय सुरेश साव जी के शास्त्री नगर, गिरिडीह के निजी आवास पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रदेश महामंत्री आदरणीय आदित्य साहू, प्रदेश प्रवक्ता सरोज सिंह, बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो, प्रदेश मीडिया सह प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह, किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमर चौधरी समेत भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रो एच एन देव, राजेश्वर जयसवाल, गौरी शंकर सिंह, मनोज मौर्या, जिला संघ सरचालक बृजनंदन प्रसाद, नगर अध्यक्ष हरमिंदर सिंह बग्गा, मध्य मंड़ल अध्यक्ष अनिल वर्मा, पूर्वी मंडल अध्यक्ष राजेश गुप्ता, विनीत कुमारी, मनोज संघई, राजेश जयसवाल, प्रवीण सिन्हा, नवीन सिन्हा, प्रदीप दराद, रागिनी लहेरी, मुकेश जालान, दीपक शर्मा, डिम्पल साव, महेश राम, सुनील गोस्वामी समेत सैकड़ों भाजपा के कार्यकर्ता व समर्थक शामिल हुए।

## ऑल इंडिया चंद्रवंशी युवा एसोसिएशन गिरिडीह इकाई ने आयोजि किया होली मिलन समारोह

**अपेम लाइव : गिरिडीह/ टाउन**
**आदित्य पांडेय**




बुधवार को ऑल इंडिया चंद्रवंशी युवा ऐसोसिएशन की गिरिडीह इकाई द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया । समारोह शहर के नरेन्द्र सिन्हा पार्क , बरमसिया में आयोजित की गई । जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर अर्जुन रवानी उप. स्थित थे । उन्होंने इस अवसर पर समाज के लोग को एकजुट होने का आह्वान किया । कहा एकता में बल है । इसके बाद समाज के लोगों ने एक दुसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभक. ामनाएं दी । मौके पर राष्ट्रीय सचिव संजू देवी, भीम रवानी। वार्ड पार्षद गुड़िया देवी, वार्ड पार्षद अशोक राम, सुदामा देवी वार्ड पार्षद, मनोज कुमार,बबलू रवानी, मुन्ना, दीपक चंद्रवंशी,दिनेश,,राहुल,गगन चंद्रवंशी, बगोदर से रणधीर चंद्रवंशी, सुखदेव सिंह, सोनू, जमुना से दिनेश राम, गांव से शुभम चंद्रवंशी, सीताराम, गांडेय से बबलू रवानी, अरुण रवानी, अनिल रवानी, संजय रवानी, देवरी से मंटू रवानी, संजय, संतु आदि थे । कार्यक्रम में सदस्यों ने फगुआ गीतों में जमकर ठुमका लगाए । सदस्यों ने एक दूसरे को रंग अबीर लगाकर होली की शुभक. ामनाएं दी ।

## घर में आग लगने से हज़ारों की समाप्ति जलकर राख बाल – बाल बचे लोग

**अपेम लाइव : बिरनी**
**सब्बा अहमद**



बिरनी प्रखंड अंतर्गत बनपुरा में रात लगभग 8 बजे अचानक एक घर मे आग लग गई आग की लपटें इतनी तेज थी कि देखते–देखते पूरे घर में रखे पुवाल,चावल,आलू,गेहूँ व कपडा जलकर राख हो गया। जिसके बाद ग्रामीणों के सहयोग से पम्प मशीन चालू कर आग पर काबू पाया। जिसमें पुवाल,चावल, गेहूँ, आलू,कपड़ा आदि जलकर राख हो गया साथ साधु महतो ने पंप मशीन को चालू किया और सभी ला. ेगों ने सभी जले हुए अन्य सामग्री को बाहर किया। जिसमें किशोर कुमार,राहुल कुमार,बानदेव महतो,बंडू कुमार,चिंता देवी,सन्तोष कुमार,अंकित कुमार,सुमित कुमार,जुली देवी,महरु मोदी,बसन्त मोदी,मनु कुमार,सतीश कुमार,राजू महतो,प्रांजल कुमार,गोपाल कुमार,गोविंद कुमार आदि लोगों ने आग को बुझाने में सहयोग किया इसकी सूचना पाते ही सिमरा ढाब पंचायत के भावी मुखिया उम्मीदवार दिलीप दासछत्रधारी दास,दीवाकर ठाकुर,श्याम ठाकुर ने पीड़िता महरु मोदी से मिले और यह आस्वाशन दिया कि प्रखंड विकास पदाधिकारी व अंचलाधिकारी से मुआबजे की मांग करेंगे और पीड़िता को भरपूर सहयोग दिलाएंगे।

**आग कैसे लगी यह एक पहेली बनकर रह गया है। गांव वाले के मदद से आग बुझाई।**

**क्या कहते हैं मुखिया प्रतिनिधिरु–रामु बैठा**

घटना सत्य है। और मुखिया प्रतिनिधि ने दुरभाष पर जनकारी दिया। की हम अंचलाधिकारी से मांग करते हैं कि इस घटना की जाँच पड़ताल करके परिवार को उचित मुआवजा दिया जाए।

डेस्क प्रभारी: बिरेन्द्र कुमार सहयोगी: सोनू पंडित एडिटर: सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## इनर व्हील क्लब गिरिडिह ने बुधुडीह गाँव की महिलाओं के साथ होली की खुशियाँ बाँटी

**अपेम लाइव : गीरिडीह**
**बजरंगी महतो**




आज बुधवार को इनर व्हील क्लब गिरिडीह की सदस्याओं ने होली के शुभ अवसर पर गांडेय प्रखंड के बुधुडीह गाँव की जरूरतमंद महिलाओं के बीच 50 साड़ी ,गुलाल और मिठाई के पैकेट का वितरण किया और उन्हें छोटी सी खुशी देने का प्रयास किया । वहाँ की महिलाएं बहुत खुश हुईं और उन्होंने क्लब की सदस्याओं के प्रति आभार प्रकट किया । कार्यक्रम में इनर व्हील क्लब गिरिडीह की उपस्थित सदस्याएं पास्ट एसोसिएशन प्रभा रघुनन्दन ,डिस्ट्रिक्ट आई एस ओ रश्मि गुप्ता ,वाईस प्रेसिडेंट रेखा तर्वे ,उमा गुप्ता ,राखी टारको,सृष्टि राजेश और साक्षी राजेश मुख्य रूप से थी।

## उच्च विद्यालय बदडीहा में आयोजित हुआ विदाई समारोह

**अपेम लाइव : गीरिडीह**
**बजरंगी महतो**




गिरिडीह जिला अंतर्गत जमुआ थाना क्षेत्र स्थित उच्च विद्यालय बदडीहा में दशम के छात्र छात्राओं का विदाई सह होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। सभी छात्र छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जमुआ प्रखण्ड प्रमुख श्रीमती सुलोचना देवी एवं विशिष्ट अतिथि समाजसेवी कुमारी प्रभा वर्मा ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कार्यक्रम को संबो. धित करते हुए प्रमुख ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से छात्र छात्राओं का उत्साह वर्धन होता है। विशिष्ट अतिथि समाजसेवी कुमारी प्रभा वर्मा ने सभी 380बच्चों को उपहार भेंट किया एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित कर उत्साह वर्धन कराया। उन्होंने यह भी घोषणा किया की 80 प्रतिशत से अधिक अंकों से उत्तीर्ण होने वाले सभी छात्र छात्राओं को एक वृहद कार्यक्रम कर पुरस्कृत किया जाएगा। विद्यालय के बच्चों द्वारा एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम को मुख्य रूप से कुशवाहा संघ जिला उपाध्यक्षदिगम्बर प्रसाद दिवाकर, विवेकानंद सिन्हा,अजीत कुमार वर्मा, विवेक राज, महमूद अंसारी,बिनोद कुमार, गणेश प्रसाद वर्मा,लक्ष्मण प्रसाद वर्मा, हरिहर प्रसाद वर्मा,अजय कुमार वर्मा, सुखदेव प्रसाद वर्मा, जनार्दन महतो, डo गोविंद प्रसाद वर्मा, रविशंकर विद्यार्थी इत्यादि ने संबोधित किया।मंच संचालन तुलसी कुशवाहा एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रधानाध्यापक बैजनाथ प्रसाद वर्मा ने किया।

## एसडीओ, डीएसपी ने तिलक होली मिलन समारोह सह लाइब्रेरी का किया उद्घाटन

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**



प्रखण्ड के ताजपुर में आपदा मित्रों के द्वारा होली मिलन समारोह व लाइब्रेरी उद्घाटन के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका विधिवत उद्घाटन बरही एसडीओ पूनम कुजूर व डीएसपी नाजिर अख्तर ने फीता काट कर कर व लाइब्रेरी का आजीवन सदस्यता ग्रहण कर की। वहीं इसके बाद बच्चियों ने सभी अतिथियों का तिलक लगाकर फूलों की वर्षा की। इस दौरान एसडीओ पूनम कुजूर ने आपदा मित्रों के उत्कृष्ट कार्यो की प्रशंसा करते हुए कहा कि आपदा मित्रों को इस कार्य के लिए जितनी तारीफ की जाए शब्द कम पड़ जायेंगे। आगे कहा कि लाइब्रेरी यहाँ के गरीब बच्चों के लिए वरदान है और बनेगा। वहीं डीएसपी नाजिर अख्तर ने पुस्तकालय चौपारण की धरती के लिए बड़ी बात है। आपदा मित्र के अधिकांश सदस्य ब्यवसायी होकर शिक्षा के प्रति काफी समर्पित नजर आ रहे हैं। बच्चे इस पुस्तकालय का सकारात्मक उपयोग करें ।साथ ही उन्होंने आपदा मित्रो से अपील की एक एक और कदम बढ़ाएं और जिन ज्ञान वर्धक पुस्तको की अभी भी कमी है उसको उपलब्ध करने में आगे बढ़े। साथ ही हमसे भी जो सहयोग चाहते हैं उसमें सहयोग करेंगे। समारोह में एसडीओ पूनम कुजूर, डीएसपी नाजिर अख्तर, बरही सर्कल इंस्पेक्टर रोहित सिंह,बीडीओ सह सीओ प्रेमचन्द सिन्हा, थाना प्रभारी स्वपन्न कुमार महतो, चिकित्सा प्रभारी डo भुनेश्वर वoप, मुखीया शौकत खान, मुखिया बिनोद सिंह,बीपीएम जागेश्वर शर्मा, एनबीजेके के प्रबन्धक पूरी जी, आपदा मित्र सीताराम बरनवाल, रोहित जैन, हेमराज साहू, दिलीप राणा, बिनोद स्वर्णकार, सन्नी अग्रवाल, अनिल केशरी,रणजीत केशरी, सुधीर केशरी,मनीष साहु, मनीष सिन्हा, शिक्षक सतीश सिंह, ब्रजेश केशरी,रवि सिंह, मुकेश सिंह,रवि केशरी, नीरज कुमार, अखिलेश कुमार, बिनोद कुमार, सहित आपदा मित्र के सभी सदस्य, बच्चे व अभिभावक उपस्थित थे।

## कान्हाचट्टी का माहौल हुआ होलियाना

### क्षत्रिय समाज के होली मिलन समारोह में हुआ रंग अबीरों का बौछार

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह,**



कन्हाचट्टी प्रखंड के बड़वार गांव में बुधवार को क्षत्रिय समाज के लोगों ने होली मिलन समारोह का आयोजन किया।होली मिलन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बिहार सरकार में पूर्व मंत्री एवं गढ़वा के पूर्व विधायक गिरिनाथ सिंह शामिल हुए वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में सिमरिया विधायक किशुन दास एवं चतरा के पूर्व विधायक जनार्दन पासवान भी उपस्थित हुए सभी ने क्षत्रिय समाज के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने का संकल्प लिया एवं होली में प्रखंड का माहौल हो लिया ना नजर आया प्रखंड के कई स्थानों पर कई समाज के लोगों ने होली मिलन समारोह का आयोजन किया एवं एक दूसरे को रंग व गुलाल लगाकर होली की अग्रिम बधाई दी बड़वार गांव में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बिहार सरकार में पूर्व मंत्री एवं गढ़वा के पूर्व विधायक गिरिनाथ सिंह ने कहा कि क्षत्रिय एक धर्म है ना की जाति उन्होंने कहा कि क्षत्रिय धर्म कब है कि वह दूसरे समाज को भी अपने साथ सीमेंट कर चले क्षत्रिय का काम है दूसरे को छाया देना अर्थात हमारा राजपूत समाज क्षत्रिय धर्म का सबसे बड़ा और निष्ठावान के साथ कर्तव्य को निभाता है उन्होंने कहा कि चतरा जिले के प्रसिद्ध मां भद्रकाली के बगल में जैन धमावलंबियों के लिए सबसे बड़ी तीर्थ स्थान बनने जा रही है जिसके लिए राज्य सरकार ने जमीन भी उपलब्ध करा दी है यह जैनियों का विश्व का सबसे बड़ा तीर्थ नगरी होगा वहीं उन्होंने कान्हा चट्टी प्रखंड में जमीन उपलब्ध होने पर कoलेज खोलने का भी आश्वासन दिया उन्होंने कहा कि कान्हा चक्की प्रखंड वासी जमीन मुहैया कराए मैं उनके शिक्षा के लिए कoलेज की व्यवस्था कर लूंगा वही किशोर कुमार दास ने भी लोगों को होली की अग्रिम बधाई दी जनार्दन पासवान ने लोगों से एक दूसरे से गले से गले मिलकर एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई दी वहीं दहेज उन्मूलन समिति क्षत्रिय महासभा के अध्यक्ष गोपाल सिंह जी ने कहां की हमारा समाज सभी धर्मो को लेकर चलने वाला समाज है दूसरी ओर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के जिला अध्यक्ष प्रमोद कुमार सिंह ने कहा कि क्षत्रिय एक व्यक्ति विशेष का जाति नहीं है बल्कि क्षत्रिय धर्म है जिसका पालन करना हमारा कर्तव्य बनता है कार्यक्रम के अध्यक्षता गोपाल सिंह ने की एवं संचालन सकलदेव सिंह ने किया इसके पूर्व मुख्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया तथा होली के गीत पर कलाकारों ने एक दूसरे को झूमने पर मजबूर कर दिया सकलदेव सिंह ने बाबू कुंवर सिंह तेग बहादुर होली गीत पर लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया कार्यक्रम को सफल बनाने में भीम कुमार सिंह राम प्रीत सिंह अवध सिंह राजेंद्र सिंह अजय सिंह मोटू धारी सिंह प्रमोद सिंह आदि का अहम भूमिका रहा।

## 66 बोतल अंग्रेजी शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**अपेम लाइव : प्रतापपुर**
**प्रमोद कुमार सिंह,**



संवाद सूत्र,प्रतापपुर (चतरा)रूशराब के अवैध व्यापार के लिए बिहार ले जा रहे 66 बोतल अंग्रेजी शराब के साथ दो तस्करो को प्रतापपुर थाना पुलिस ने शिवपुर मोड के पास से बुधवार को गिरफ्तार किया ।इस संबंध मे थाना प्रभारी बिनोद कुमार ने बताया कि होली को लेकर वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था।इसी क्रम मे गुप्त सूचना मिला कि एक टेंपु पर अवैध रुप से अंग्रेजी शराब को लाद कर दो तस्कर उसे बिहार मे खपाने के लिए ले जा रहे हैं।गुप्त सूचना के आलोक मे त्वरित कार्रवाई करते हुए एक टीम गठित कर शिवपुर मोड के पास वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। पुलिस को देखकर अवैध शराब के तस्कर टेंपू मोड कर वापस भागने लगे।लेकिन पुलिस जवानो ने दौड कर तस्करो को पकडा तथा टेंपू के कागजात तथा उसमे लदे अंग्रेजी शराब के बारे मे पूछा लेकिन तस्कर न तो टेंपू का और न तो शराब का ही कोई कागजात दिखा सके।पुलिस ने जब्त टेंपू जिसका नंबर( ठt02च्ठ4863) को शराब सहित थाना ले आए।गिरफ्तार किए गए तस्करो मे बिहार के कोठी के उपेंद्र प्रसाद का पुत्र चंदन कुमार तथा कोठी के एकौनीबाडा गांव निवासी राजेंद्र पासवान का पुत्र तथा टेंपू चालक पिंटु कुमार का नाम शामिल है।जब्त शराब का अनुमानित मूल्य 40000बताया जा रहा है।शराब प्रतापपुर से बिहार ले जाया जा रहा था।थाना प्रभारी ने यह भी बताया कि इसके पूर्व तस्कर चार पहिया वाहन से शराब का तस्करी करता था।

## पर्लवाइन इंटरनेशनल सॉफ्टवेयर सिस्टम मेम्बरों ने किया सम्मानित

**अपेम लाइव : गिरिडीह/ टाउन**
**आदित्य पांडेय**



आज गुरुवार को देर शाम पर्लवाइन इंटरनेशनल सoफ्टवेयर सिस्टम (बैंकिंग सिस्टम पर आधारित) के मेंबरों ने एक्सेल सीएल पर पहुंचने पर फागु कुमार यादव को गुलदस्ता देकर सम्मानित किया सिस्टम के गिरिडीह सिनियर आदित्य पांडेय ने कहा कि पर्लवाइन इंटरनेशनल एक वर्ल्ड का बेस्ट सॉफ्टवेयर इन्कम प्लान है, जिसमे एकाउंट खुला कर एक कोई भी व्यक्ति अपना अच्छी इन्कम पा सकता है पूरे देश में एक तरफ जहाँ बेरोजगारी एक विकराल समस्या का रूप धारण कर चुकी है ऐसे में पर्लवाइन इंटरनेशनल एक बेहतर प्लेटफoर्म है रोजगार और इन्कम के मामले में आज के इस कार्यक्रम में आदित्य पांडेय, राजेश कुमार, रामदेव प्रसाद वर्मा, राजीव कुमार, सुरेश यादव, दिगंबर वर्मा, संतोष कुमार भदानी और पंकज कुमार मुख्य रूप से उपस्थित रहे

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## उड़ा रंग और गुलाल, चौय विश्वकर्मा समाज ने मनाया होली मिलन समारोह

### एकजुटता दिखाकर सरकार को अपनी ओर धयान आकृष्ठ कराना है : प्रदेश अध्यक्ष

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**




पाण्डेयबारा स्थित ऐतिहा. सिक विश्वकर्मा मंदिर में चौय विश्वकर्मा राणा समाज द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। बतौर मुख्यातिथि के रूप में झारखण्ड प्रदेश विश्वकर्मा समाज अध्यक्ष विकास राणा, बरही डीएसपी नाजीर अख्तर, जेएमएम नेता बिनोद विश्वकर्मा सहित अन्य। कार्यक्रम की शुरुवात चौय विश्वकर्मा समाज के अध्यक्ष मि. थलेश्वर प्रसाद राणा, सचिव डोमन राणा, कोषाध्यक्ष भीखन राणा, राजेन्द्र राणा, रामलखन राणा आदि ने बाबा विश्वकर्मा के चरणों मे अबीर अर्पित कर किया। अतिथियो का स्वागत समाज के लोगों ने अबीर गुलाल लगाकर व माला पहनाकर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीएसपी ने कहा कि आपसी भाईचारगी व शौहर्द वातावरण में मनाएं होली का त्योहार। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि समाज को एकजुट होकर सरकार को अपनी ओर धयान आकृष्ठ कराना है। कहा होली व अन्य त्योहार में चौय विश्वकर्मा समाज लोगों का भारी जुटान एकता का परिचय देता है। भोजपुरी गायक सोनू राणा के फगुवा गीत पर थिरके समाज के लोग। रंग अबीर व गुलाल लगाकर एक दूसरे को दिया बधाई। कार्यक्रम का संचालन बिर. ेन्द्र कुमार राणा ने किया। मौके पर विश्वकर्मा समाज जिला महासचिव महाबीर राणा, पूर्व जिला अध्यक्ष जड्डू राणा, देवसागर राणा युगल राणा, बाबुलाल राणा, बिरेन्द्र राणा, शंकर राणा, केदार राणा, युगेश्वर राणा, मुकेश राणा, राज कुमार राणा, बालेश्वर राणा, सुभाष राणा, महेश राणा, किशोर राणा, बच्चू राणा, मुकेश राणा, बसंत राणा, सुनील राणा, अनिल राणा , पप्पू राणा, नंद किशोर राणा, पुरन राणा, नाथों राणा, उपेंद्र राणा, सहित अन्य उपस्थित हुए।

## शांति समिति की बैठक में होली का मना जश्न, अवैध शराब बिक्री पर होगी पाबंदी

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**


शांति समिति की बैठक में शामिल लोग

रंगों का त्योहार होली व शब-ए-बारात को लेकर डाड़ी कलाँ थाना प्रांगण में शांति समिति की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता इंस्पेक्टर श्याम चंद्र सिंह एवं संचालन थाना प्रभारी मणिलाल सिंह ने किया। शांति समिति की बैठक में सभी समुदाय के लोग शामिल हुए। बैठक के बाद डाड़ी कलाँ थाना में होली मिलन समारोह मनाया गया। इंस्पेक्टर श्याम चन्द्र सिंह एवं थाना प्रभारी मणिलाल सिंह ने आमजनों से होली व शब-ए-बारात शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की। बैठक में शामिल लोगों ने पुलिस पदाधिकारियों को आश्वस्त किया कि दोनों त्योहारों में एक दूसरे का सहयोग करेंगे। इंस्पेक्टर श्याम चंद्र सिंह ने कहा कि होली में अक्सर देखा जाता है कि लोग शराब पीकर हुड़दंग मचाते हैं। पुलिस हुड़दंग मचाने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करेगी। होली के दिन शराब की दुकानें बंद रहेगी। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि जबरन किसी को भी रंग ना लगाएं। जबरन रंग लगाने से विवाद बढ़ता है। वहीं, थाना प्रभारी मणिलाल सिंह, एएसआई शिवनाथ यादव एवं खगेन्द्रचंद महतो आदि ने शांति समिति की बैठक में शामिल होने आए लोगों को अबीर लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। मौके पर मुख्य रूप से मुखिया प्रतिनिधि मोहन महतो, चेपा कला पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि शंकर राम, राजेश रजक, पंकज कुमार, शमीम अहमद, वाहिद अली, नेमधारी राम, कोलेश्वर राम, राजेंद्र कुमार, लालदेव महतो, प्रमोद महतो, रफुल मियां, मनोज विश्वकर्मा, कृष्णा ओझा, इलियास अंसारी, रफीक अंसारी, आलोक कुमार, रोशन कुमार, गो. विंद महतो, पदुम साव, कुतुब रब्बानी, नसरुल्लाह अंसारी सहित दर्जनों गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## डॉ ललन बाबू कस्तूरबागांधी +2 विद्यालय में विदाई समारोह का आयोजन

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**



कस्तूरबा जन जागरण समिति द्वारा संचालित डॉ ललन बाबू कस्तूरबागांधी + उच्च विद्यालय सिंहपुर में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विदाई समारोह में वर्ग दशम एवं 12वीं के विद्यार्थियों को भाव विनी विदाई दी गई। विदाई समारोह में वर्ग नवम के छात्र छात्राओं का काफी योगदान रहा। इस दौरान विद्यालय संस्थापक ललन प्रसाद की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का शुरुआत किया गया। विद्यालय प्रबन्धक चन्दन कुमार ने बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाते हुए कहा कि सफलता का कोई शार्ट कर्ट नही होता है। आप इतिहास उठाकर देख लें जिन जिन ने भी इतिहास रचा है। उनके पीछे उनका अथक परिश्रम,सही दिशा में किया गया प्रयास और गुरुजनों का मार्गदर्शन है। वहीं विद्यालय प्रभारी सुग्रीव रजक ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए परीक्षा सम्बन्धित कई दिशा निर्देश दिया। इस दौरान विद्यालय संचालक राहुल कुमार, प्रभारी सुग्रीव रजक, उप प्रभारी पप्पू गुप्ता,शिक्षक भोला नाथ दांगी, सुधीर पांडेय ,अनिता मैम,मुकेश सिंह,मो सयुम अंसारी, मौलाना कौसर, सुभाष केशरी,अखिलेश दांगी,कृष्णा राणा, सुप्रिया मिस,रवि कुमार, विद्यालय का पूर्व छात्र मो फहद सहित सभी विद्यार्थी शामिल थे।

## ठाकुर मोहल्ला का होली सह सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न

### होली का त्यौहार आपसी मेल मिलाप को बढ़ावा देता है : प्रकाश ठाकुर

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**


कार्यक्रम का उद्घाटन करते प्रकाश ठाकुर

बड़कागांव ठाकुर मोहल्ला के द्वारा होली मिलन समारोह सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि समा. जसेवी प्रकाश ठाकुर ने विधिवत फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में तिलक होली खेलने पर जोर दी गई। मौके पर समाजसेवी प्रकाश ठाकुर ने कहा कि होली की त्यौहार हम सबों को दुश्मनी भुलाकर गले लगाने का अवसर प्रदान करता है। हमें समाज में दूसरों की गलतियों को बुलाकर माफ कर गले लगाने की आवश्यकता है। साथ ही, मंच से तमाम प्रखंड वासियों को होली की शुभकामनाएं दी है और जल की महत्व को समझते हुए तिलक होली खेलने की अपील की है। मौके पर मुख्य रूप से विशाल ठाकुर, अमन ठाकुर, अभिषेक ठाकुर, जितेंद्र ठाकुर, विक्रम ठाकुर, छोटी उर्फ प्रकाश ठाकुर, अंगेष राणा, मुकेश ठाकुर, श्रवन ठाकुर, शिव ठाकुर,रोहित राणा, आशीष मालाकार, उमेश ठाकुर,अमित ठाकुर के अलावा दर्जनों लोग उप. स्थित थे।

## एनटीपीसी बादम कोल ब्लश्चक के सौजन्य से मच्छरदानी का वितरण किया गया।

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**




बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत बादम मुस्लिम मोहल्ला में एनटीपीसी बादम क०ल ब्ल०क के जीएम संजय सेठ एवं एजीएम श्रीकांत सिन्हा के निर्देशानुसार मलेरिया एवं मच्छर के प्रकोप से बचने के लिए नेहाल सगीर और दिलीप महतो के नेतृत्व में बादम मुस्लिम मोहल्ला के गरीब और असहाय लोगों के बीच 265 मच्छरदानी का वितरण किया गया। वहीं बादम कोल ब्ल०क के जीएम संजय सेठ ने कहा कि एनटीपीसी हमेशा विस्थापित प्रभावित क्षेत्र के गरीब और असहाय लोगों के लिए खड़ी है। मच्छ. रदानी वितरण कार्यक्रम में ग्रामीणों में मुख्य रूप से जमाल सगीर, अब्दुल रजाक अंसारी, टून्नू खान ,बडू खान, समीम अंसारी, निसार अंसारी के अलावा दर्जनों ग्रामीण शामिल थे।

## अखिल भारतीय भुइयां समाज कल्याण समिति का होली मिलन समारोह संपन्न

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



होली मिलन समारोह में शामिल समाज के लोग।

बड़कागांव प्रखंड के अंतर्गत हाई स्कूल मैदान में अखिल भारतीय भुईयां समाज कल्याण समिति के द्वारा होली मिलन समारोह किया गया जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष प्रभु राम संचालन सचिव महावीर राम के द्वारा किया गया । कार्यक्रम का मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष महेंद्र राम बिहारी ,विशिष्ट अतिथि जिला महासचिव रंजीत राम ने कहा की होली के त्यौहार आपस में मिलजुल कर मनाना है शराब का सेवन नहीं करना है होली का त्यौहार खुशी और आनंद का त्यौहार है । प्रभु राम ने कहा की होली के त्यौहार किसी को जबरदस्ती रंग अवीर नहीं लगाना है। युवा अध्यक्ष नंदकिशोर भुईयां ने कहा की होली के त्यौहार साल सम्मत कटने के बाद नया साल आने का आगमन की खुशी में रंगा अवीर लगाकर होली का त्यौहार मनाया जाता है। मौके पर उपस्थित प्रखंड युवा अध्यक्ष नंदकिशोर राम सचिव महावीर राम, राजू कुमार, उमेश भुइयां ,कारु भुइयां,अशोक राम ,रामचंद्र भुईया, कमल भुइयां, सुधन भईया, संतोष भुइयां के अलावा कई लोग उपस्थित थे।

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## सरगम इंटरनेशनल स्कूल में होली मिलन समारोह आयोजित की गई

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



होली मिलन समारोह में शामिल बच्चे

न्यू किसान मेडिकल हॉल के सामने स्थित सरगम इंटरनेशनल स्कूल में विद्यालय के प्रबंधक –शिक्षक, शिक्षिका एवं बच्चों ने सामूहिक रूप से होली मिलन समारोह मनाया । जिसमें सभी ने हिंदी पंचांग के अनुसार एक–दूसरे को नववर्ष की बधाई देते हुए अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर विद्यालय प्रबंधक, अध्यक्ष– राजदेव दांगी, उपाध्यक्ष सरोज कुमार सोनी ,सचिव–शंकर कुमार, कोषाध्यक्ष विनोद कुमार, उपसचिव –शंकर कुमार दास ,विद्यालय के निदेशक राजेश कुमार सोनी प्रधानाध्यापक ओंकार कुमार मिश्रा शिक्षक –शिक्षिकाएं सुमन कुमारी,मुसर्रत ,अंशु ,निशा ,विवान ,साजिद, रूबी, तंद्रा रानी, नंदिनी ,पार्वती तमन्ना अन्य उपस्थित थे।

## मध्य विद्यालय हथिया में स्कूली बच्चों संग शिक्षकों ने खेली होली

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**




मध्य विद्यालय हथिया में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। स्कूली बच्चों ने शिक्षको संग खेली होली। इस दौरान बच्चो द्वारा एक से बढकर एक सांस्कृतिक प्रस्‍तुति दिया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रबंधन समिति अध्यक्ष बिट्टू चन्द्रवंशी ने किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्राचार्य अशेश्वसर प्रजापति ने कहा कि होली आपसी भाईचारगी का त्योहार है। मौके पर कृपाल राम, शिक्षा वन्धू गोविंद रविदास, समाज सेवी चांद प्रसाद सुमन , युवा समाजसेवी आशीष कुमार यादव, बसरिया निवासी मंटू केसरी, महुअबाद निवासी विनय गुप्ता, आकाश कुमार साहू, अंकुश चन्द्रवंशी, अनोज कुमार यादव सहित दर्जनों लोग सामिल थे।

## पुलिस एवं प्रखण्ड प्रशासन ने होली पर्व में शांति बनाए रखने को लेकर की शांति समिति की बैठक

### होली में हुड़दंग करने वालो पर रहेगी पुलिस की पैनी नजर :– इंस्पेक्टर

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह,**



राजपुर पुलिस एवं प्रखण्ड प्रशासन ने बुधवार देर शाम थाना क्षेत्र के जमरी व मदगड़ा गांव में होली पर्व एवं सबेबरात पर्व में शांति व सौहार्द व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में इंस्पेक्टर सुधीर चौधरी प्रखंड विकास पदाधिकारी हुलास महतो सहित गांव के गणमान्य लोग से शांति पूर्ण तरीके से पर्व मनाने की अपील की गई। इस दौरान इंस्पेक्टर ने कहा कि किसी भी अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। और ऐसे लोगों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्रखंड विकास पदाधिकारी क्लास माध्यम में लोगों से आपसी भाईचारे और प्रेम के साथ त्यौहार मनाने की अपील की।

## सड़क किनारे वाहन खड़ा करने से लगातार हो रही है सड़क जाम , राहगीर परेशान

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव मुख्य सड़क के किनारे अनियमित रूप दो पहिया व चार पहिया वाहन खड़ा कर देने से सड़क जाम की समस्या उतपन्न हो रही है। जिससे राहगीर को आवागमन करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वाहन खड़ा करने से सड़क जाम को लेकर दुकानदारों का कहना है कि हम लोग दुकान के आगे सड़क पर लोगों से गाड़ी खड़ा करने को मना करते पर वह हमारी बातो को अनसुना कर 2 मिनट में आए हैं कह कर घंटो तक बाजार घूमने चले जाते हैं। लोग अपने कामों में इतना हैं व्यस्त हो जातर हैं कि उन्हें अंदाजा भी होता कि उनके द्वारा अनियमित रूप से खड़े वाहन से कई लोग जाम के शिकार में पड़ सकते हैं। कई बार यह देखा गया है कि सड़क जाम में एंबुलेंस के मरीज व उनके परिवार वालो को रोना भी आ जाता है। दूसरी ओर लोगों का यह भी मानना है कि रोड काटकर सड़क किनारे गलत ढंग से नाली निर्माण होने से सड़क की चौड़ाई कम पड़ गई है। जिससे सड़क जाम होते रहती है। होली को लेकर खरीदारी जोरों पर है जिसे लेकर भी काफी बढ़ गई है। वहीं बड़कागांव पुलिस जमेदार रुस्तम अली वा शास्त्र बल के द्वारा सड़क के किनारे मुस्तैद हैं जिससे राहगीरों को आवागमन में परेशानी ना हो ।

## एम ओ शमीम अहमद ने किया कोल्हैया में राशन दुकान का निरीक्षण

### प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी के निरीक्षण में बंद राशन दुकान

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह,**



प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी शमीम अहमद ने प्रखण्ड के कोल्हैया एवं राजपुर के आधा दर्जन सरकारी ऊचित मूल्य की दुकान का निरीक्षण किया।निरीक्षण में कोल्हैया गांव में स्थित राशन दुकान बंद पाया गया।जिसके बाद एम ओ श्री अहमद ने बताया कि कार्ड धारियों द्वारा सूचना मिली थी कि कोल्हैया के राशन दुकानदार रंजू देवी जो महिला स्वयं सहायता समूह से हैं के द्वारा राशन वितरण में घोर अनियमित्तक बरती जा रही है।जिसके बाद बुधवार को जिला आपूर्ति के दिशा निर्देश पर कई दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया जिसमें दुकान तो बन्द पाया गया।और कार्ड धारियो द्वारा किये गए शिकायत के बाद जांच किया गया जिसमें कार्ड धारियों का शिकायत सही पाया गया।उसके बाद रंजू देवी डीलर के विरुद्ध निलंबन की प्रक्रिया शुरू की गई और बुधवार को उसे निलंबित कर दिया गया।. निलंबन जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने की है।बताते चलें कि डीलरों के कई मामले संगीन रहने के बाद भी पहले कार्रवाई कम होती थी।

APEM LIVE

## होलिका दहन पर भाकपा माले तथा एआइ'सीसीटीयू ने जलाई 4 लेबर कोड की प्रतियां

### देश के मेहनतकशों पर चौतरफा मार के लिए लाया गया है लेबर कोड :-भाकपा माले

**अपेम लाइव :**
**गिरिडीह/ टाउन**
**आदित्य पांडेय**



आज होलिका दहन के दिन, भाकपा माले तथा इसके ट्रेड यूनियन श्एआइ'सीसीटीयू श एवं श्झारखंड जनरल मजदूर यूनियनश की ओर से केंद्र सरकार द्वारा लाए गए 4 लेबर कोड को श्रमिक विरोधी बताते हुए उसकी प्रतियां जलाई गई। लेबर कोड की प्रतियां जलाने का कार्यक्रम पपरवाटांड़ में आयोजित किया गया जहां एक्टू के राष्ट्रीय पार्षद राजेश यादव, माले के गिरिडीह विधानसभा प्रभारी राजेश सिन्हा, माले के गिरिडीह प्रखंड (ग्रामीण) सचिव पप्पू खान आदि ने इसका नेतृत्व किया। इस दौरान अपने संबोधन में यूनियन नेताओं ने कहा कि, मोदी सरकार द्वारा लाए गए 4 श्रमिक कोड इस देश के मेहनतकशों के खिलाफ हैं। लेबर कोड के लागू होने से एक तरफ जहां कामगारों के वेतन में कमी आएगी, वहीं उनसे की जाने वाली कटौतियों में बढ़ोतरी होगी। जबकि सरकार ने मजदूरों से काटी जाने वाली पीएफ की राशि की ब्याज दरों को पिछले 43 सालों में सबसे कम कर दिया है।कहा कि, इसके लागू होने से और संगठित क्षेत्र के ठेका मजदूरों का शोषण भी पहले से बढ़ जाएगा। इसलिए संगठित तथा असंगठित वर्ग के देशभर के मेहनतकश मजदूर सरकार के इन 4 लेवर कोड का विरोध कर रहे हैं।यूनियन नेताओं ने होली के अवसर पर सबों को बधाई देते हुए कहा कि, त्यौहार के बाद जन विरोधी–मजदूर विरोधी केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ संघर्ष तेज किया जाएगा।आज के कार्यक्रम में उक्त नेताओं के अलावा संजय चौधरी, कन्हैया सिंह, उज्जवल साव, संतोष राय, संजय राणा, जगदीश दास, मुन्ना दास, चंदन विश्वकर्मा, संतोष राम, रणवीर कुमार, मो0 इकराम, मो0 इफ्तेखार समेत अन्य मौजूद थे।

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## द कश्मीर फाइल फिल्म देखने पहुंचे झारखंड भाजपा प्रदेश कार्यसमीति सदस्य सुरेश साव

### द कश्मीर फाइल्स एक मूवी नहीं बल्कि कश्मीरी पंडितों पर हुए अत्याचार की आईना है – सुरेश साव

**अपेम लाइव : गिरिडीह/ टाउन**
**आदित्य पांडेय**



80 के दशक में देश का एक कोना पूरी तरह जल रहा था। अपने ही देश के हिंदुओं को काटा जा रहा था। कश्मीर में निवास करने वाले कश्मीरी पंडितों के साथ जो अत्याचार हुआ था, जिस प्रकार बच्चों, मि. हलाओं एवं पुरुषों का कत्लेआम किया गया वो दृ श्य वाकई बेहद मर्माहत करने वाला है। तत्कालीन केंद्र सरकार ने जानबूझकर कश्मीर के मुद्दे को दबाया था। जेहाद के नाम पर जो अत्याचार कश्मीर में किया गया उस सच्चाई को प्रस्तुत करने वाली मूवी देश के हर इंसान को देखना चाहिए। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र भाई मोदी जी द्वारा धारा 370 को हटवाना कश्मीरी पंडितों के हुए कत्लेआम को श्रद्धांजलि अर्पित करने के समान है।

उक्त बातें भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुरेश साव ने दर्ज़नों भा. जपा कार्यकर्ताओं के साथ सिनेमा ह०ल से निकलते ही मीडिया को संबोधित करते हुए कहा। गिरिडीह स्थित स्वर्ण चित्र मंदिर में चल रहे द कश्मीर फ़ाइल मूवी को देखने हेतु सुरेश साव के नेतृत्व में जिला परिषद उपाध्यक्ष कामेश्वर पासवान, प्रदीप शर्मा, रा. गिनी लहेरी, गिरिडीह पूर्वी मंडल के अध्यक्ष राजेश गुप्ता, मध्य मंडल के अध्यक्ष अनिल वर्मा, नगर के अध्यक्ष हरमिंदर सिंह बग्गा, जिला सोशल मीडिया प्रभारी मनोज मौर्या, जिला सोशल मीडिया सह प्रभारी मा. `तीलाल उपाध्याय, प्रदीप राय, पंकज गुप्ता, विशाल गुप्ता, किशोर साव, बिरेन्द्र वर्मा, ओमप्रकाश मंडल, मनोज संगई, रूपेश वर्मा, गंगाधर साव, सुरेश शक्ति, प्रवीण सिन्हा, सुमित साव समेत लगभग 5 दर्जन लोग शामिल थे।

## 40 करोड़ से निर्मित पांच जल मीनार से अभी तक लोगों को एक बूंद भी पानी नशीब नहीं, जनमानस परेशान।

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



गर्मियों के दिनों में प्रखंड में पीने योग्य पानी का घोर किल्लत होती है। जिसे देखते हुए सरकार पानी की किल्लत को दूर करने के लिए पेयजल विभाग के द्वारा बड़कागांव प्रखंड में लगभग 40 करोड़ लागत राशि से 20 मीटर ऊंचाई वाला पांच जल मीनार( जरजरा, तिलैया, बड़कागांव,नयाटांड, बुढ़वा महादेव) में बनाई जा रही है। एक जल मीनार लगभग 8 करोड़ का होता है।और प्रखंड भर में ऐसे पांच जल मीनार बन रहा है। गर्मी का मौसम आ गया है लोगों को पानी किल्लत फिर से परेशानिया शुरू हो गई हैं । ससमय जल मीनार से लोगों को पानी नहीं उपलब्ध हो रहा है। प्रखंड में लगभग तापमान 36.-37. सेल्सियस तापमान दर्ज कि जा रही है। जिससे अब धीरे धीरे तालाब शुभ रहे हैं वहीं नदियां सुख गई हैं। जिससे जानवरों को पानी पीने के लिए भटकना पड़ रहा है। जल मीनार का काम अब तक कहां कितना हुआ है–' प्रखंड भर में जल मीनार पांच जगह पर निर्माण हो रहा है।पोटंगा में जल मीनार बन कर तैयार है। बिजली भी पहुंच गई है। लेकिन बिजली मीटर नहीं लगने के पोटंगा पंचायत के लोगों को पानी नशीब नहीं हो रहा है। बुढ़वा महादेव में जल मीनार का लगभग 90ः काम हो गया है। बिजली नहीं पहुंचने के चलते आस पास के गांवों के लोगों को पानी नशीब नहीं हो रहा है।नयाटांड में जल मीनार का लगभग 80ः काम हो गया है। यहां पर पंप हाउस का गैंगवे निर्माण व पाइप लाइन का काम अधूरा है तथा बिजली भी नहीं पहुंच पाई है। बड़कागांव जल मीनार सिर्फ मीनार खडा और पाइपलाइन व पम्प हाउस गैंगवे का निर्माण कार्य प्रगति पर है।यह जल मीनार का काम लगभग 70ः काम हुआ है। जरजरा में जल मीनार का काम मीनार खडा हो गया है। लेकिन बाकी काम धरातल पर नहीं दिख रहा है । मामले को लेकर पेयजल विभाग अभियंता प्रदीप तिर्की ने कहा की बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत 5 जल मीनार का काम हो रहा है। और सभी जल मीनार बहुत जल्द चालू हो जाएगा। कुछ जल मीनार बन कर तैयार है लेकिन बिजली कने. क्शन नहीं होने के कारण जल मीनार नहीं चालू हो पाया है।जल मीनार बनाने का अवधि 27 महिना होता है।

## एम्बिशन पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**




वार्षिकोत्सव पर सांस्कृतक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे

विष्णुगढ़ के अखाड़ा चौक स्थित एम्बिशन पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव ध. ूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि एयरफोर्स के रिटायर्ड सार्जेट अ०फिसर बलवंत सिंह, विद्यालय निदेशक की माता मीना देवी और अंजना देवी ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि शिक्षा ही एक ऐसा माध्यम है, जिससे सफलता के शिखर पर पहुंचा जा सकता है। वार्षिकोत्सव पर छात्र–छात्राओं ने कई तरह के गीत, संगीत, नृत्य एवं अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मंच संचालन सुशांत कुमार पाठक, निशा कुमारी तथा वीना सिन्हा ने किया। निदेशक विवेक कुमार ने कहा कि विद्यालय छात्रों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इस विद्यालय में विद्यार्थियों को पंचपद्धितीय शिक्षा प्रणाली एवं आधारभूत विषयों के साथ शारीरिक शिक्षा, योग शिक्षा, संस्कृत शिक्षा, संगीत शिक्षा एवं नैतिक शिक्षा प्रदान की जा रही है। आयोजन में प्राचार्य रा. जेश कुमार मंडल, उपप्राचार्य कृष्ण कुमार वर्मा, शशि सुमन, कुणाल गोस्वामी, रोहित वर्मा, आकाश कुमार, राजेश कुमार, रूपाली देवी, सुष्मिता प्रिया, वीणा सिन्हा, लक्ष्मी कुमारी, प्रमिला देवी, कोमल कुमारी, रीता देवी, प्रमोद कुमार, अनिकेत वर्मा, विकाश वैद्य, कांति देवी समेत सभी छात्र– छात्राओं की महती भूमिका रही।

## झारखंडी भाषा-संघर्ष समिति का हुआ गठन, संरक्षक बिपिन कुमार ,अध्यक्ष मिथलेश व सचिव बने शशि महतो

### 1932 खतियान को लागू करवाने का लिया गया संकल्प

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**




बड़कागांव में झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति का गठन मिथिलेश कुमार की अध्यक्षता में की गई एवं संचालन प०लिटिकल साइंस स्कैनर के लेखक व शिक्षाविद बिपिन कुमार के द्वारा किया गया ।साथ ही झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के आंदोलन को आगे बढ़ाने के लिए एवं लोगों तक इसकी जानकारी जन–जन तक पहुंचाने के लिए व युवाओं को जागरूक करने के लिए समिति का विस्तार किया गया जिसमे संरक्षक लेखक बिपिन कुमार, अध्यक्ष शिक्षक मिथिलेश कुमार उपाध्यक्ष राज किशोर कुमार सचिव शशि महतो सह सचिव वंशीधर पटेल कोषाध्यक्ष सोनू इराकी उप कोषाध्यक्ष अवधेश कुमार मीडिया प्रभारी सुरेंद्र राम का चयन किया गया। वही कार्यकारी सदस्य कुवंर प्रजापति, बब्लू प्रजापति, विक्की करमाली, संदीप कुमार विश्वकर्मा, हेमनारायण कुमार, अर्जुन कुमार , मुकेश कुमार प्रजापति, शंकर कुमार, बिरेन्द्र कुमार दास, अनुज कुमार यादव, उपेन्द्र कुमार, धर्मनाथ कुमार, रोहित कुमार, सिकंदर कुमार आदि दर्जनों लोग कार्यकारी सदस्य में चुने गए । इस मौके पर अध्यक्ष व उपाध्यक्ष नें बताया कि झारखंडी भाषा – खतियानी संघर्ष समिति का उद्देश्य क्षेत्र के युवाओं , महिलाओं को जागरूक कर अपना माटी सभ्यता संस्कृति के लिए 1932 का खतियान के आधार पर झारखंड में स्थानीय नीति व नियोजन नीति लागू करवाने के लिए संवैधानिक तरीके से यह समिति संघर्ष करेंगी । आगे लेखक बिपिन कुमार ने कहा कि 1932 खतियान की लड़ाई में हम सभी को आगे आना है , यह लड़ाई किसी खास धर्म और पार्टी की नही है यह लडाई हम सभी झारखण्डियों का है। आगे सभा को संबोधित करते हुवे कार्यकरणी सदस्य विक्की करमाली ने कहा कि अगर यह 1932 कि खतियान नीति लागू हो जाता है तो चाहे अधिकारी हो या चपरासी उस कुर्सी पर बैठेगा आदिवासी मूलनिवासी।

## होली मिलन समारोह में फगुवा गीतों के बीच खूब लगे ठुमके

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**



विष्णुगढ़ में होली मिलन समारोह में होली गीतों के बीच ठुमके लगाते विद्याथह्व

अखाड़ा चौक स्थित एम्बिशन कोचिंग सेंटर में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। छात्र–छात्राओं ने एक–दूसरे को अबीर–गुलाल लगाकर होली की अग्रिम बधाई दी। संस्थान के बच्चों ने जमकर होली खेलते हुए फगुवा गीतों पर खूब ठुमके लगाए। शिक्षिको ने भी बच्चों के साथ होली का आनंद उठाया। संस्थान के निदेशक विवेक कुमार ने कहा कि रंगों का त्योहार होली आपसी प्रेम और सौ. हार्द को बढ़ाने की प्रेरणा देती है। हम सभी को मिलजुल कर इस त्योहार को खुशियों के साथ मनाना चाहिए। समारोह में ज्योति कुमारी, बुलबुल कुमारी, रिचा कुमारी, सरिता कुमारी, पूजा कुमारी, अंजली वर्मा, मुस्कान कुमारी, तन्नू कुमारी, प्रिया कुमारी, अंजली कुमारी, रिया कुमारी, निखत परवीन, सिमरन कुमारी, आलोक कुमार, आर्यन मिश्रा, सुमित कुमार, सूरज कुमार, रिशु कुमार, नीतीश कुमार, विकास कुमार, सोनू कुमार, नीतीश सोनी, गौरव कुमार समेत कई छात्र–छात्राएं मौजूद रहे।



सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## मूलभूत साक्षरता और संख्या ज्ञान कार्यक्रम का समापन

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**


मूलभूत साक्षरता और संख्या ज्ञान कार्यक्रम के समापन पर मौजूद शिक्षक

प्रखंड संसाधन केंद्र विष्णुगढ़ में मूलभूत साक्षरता और संख्या ज्ञान कार्यक्रम के लिए नोडल शिक्षकों के अंतिम बैच का प्रशिक्षण संपन्न हुआ। चार दिवसीय प्रशिक्षण के अंतिम दिन बीइइओ तरुण कुमार, मास्टर ट्रेनर सतीश कुमार, प्रवीण कुमार पाठ्क, मो अयाज अहमद, पुरुषोत्तम कुमार तथा बीआरपी जलेश्वर प्रसाद व बीपीएम कुणाल कुमार ने प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले शिक्षकों को सर्टिफिकेट सह विरमन पत्र वितरित किया। अंतिम दिन बीआरसी परिसर में होली मिलन समारोह भी आयोजित किया गया। होली मिलन समारोह में बीआरसीक. र्मियों व शिक्षकों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। बीइइओ ने कहा कि प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले शिक्षक विद्यालय में एफएलएन की गतिविधि आधारित शिक्षण अधिगम प्रक्रिया में शामिल होंगे। प्रशिक्षण शिक्षकों के दक्षता को निखारने का काम किया है। मास्टर ट्रेनर सतीश कुमार ने कहा कि प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद शिक्षक अपने विद्यालय में पहले की तुलना में अच्छी तरह काम करेंगे। सभी शिक्षकों को सप्ताह में कम से कम एक दिन गतिविधि आधारित शिक्षण का वीडियो एक्टिविटी ग्रुप में अपलोड करना अनिवार्य होगा। मास्टर ट्रेनर मो आयाज अहमद ने कहा कि इस बार नोडल शिक्षकों के कंधे पर एफएलएन को लागू करने की जिम्मेवारी सौंपी गई है। होली के बाद विद्यालय में उन्हें नए जोश के साथ गतिविधि आधारित शिक्षण पर ध्यान देना हा. ेगा। इस मौके पर मुरली मनोहर दास, रेणु कुमारी, सुनैना कुमारी, नीता नायक, मो साबिर, गुलाम समदानी समेत कई शिक्षक मौजूद थे।

## राजपुर पुलिस ने होली के पूर्व संध्या पर निकाला फ्लैग मार्च

### थाना क्षेत्र वासियो से थाना प्रभारी ने कहा शांति व सौहार्द पूर्वक मनाएं होली

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



होली के पूर्व संध्या पर गुरुवार की शाम चतरा आरक्षी अधीक्षक के निर्देश पर थाना प्रभारी विकास पासवान के नेतृत्व में कान्हाचट्टी एवं राजपुर बाजार में फ्लैग मार्च निक. ाला।फ्लैग मार्च निकाला कर थाना प्रभारी विकास पासवान ने कहा कि थाना क्षेत्र वासियो से एक अपील है की होली का त्योहार भाई चारे का त्योहार है और इसे शांति और सौहार्द से होली की त्योहार मनाने की जरूरत है।श्री पासवान ने कहा कि एक साथ दो समुदायों का त्योहार है इसे भाई चारे के साथ सभी लोग मनाएं।उन्होंने फ्लैग मार्च के माध्यम से क्षेत्र वासियो को अपील किया है कि दोनों समुदाय अपने अपने पर्व को शांति व सौ. हार्द से मनाएँ।वहीं उन्होंने कहा कि रंग में भंग डालने वाले या शांति में ब्यवधान उतपन्न करने वाले पर पुलिस की नजर रहेग ।गड़बड़ करने वालो पर पुलिस कार्रवाई भी करेग. ी।सभी संवेदनशील गांव में मजिस्ट्रेट के साथ साथ पुलिस भी नियुक्त है।अभियान में थाना प्रभारी विकास पासवान के अलावा सब इंस्पेक्टर विकास यादव,राजेश शर्मा,बिरेन्द्र ठाकुर,दीपनारायण सिंह सहित जिला बल एवं सहायक पुलिस के जवान मौजूद थे।










डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित एडिटरः सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार